# वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी के कार्यनिष्पादन/गतिविधियों पर संक्षिप्त नोट

## पृष्ठभूमि

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल मंत्रालय के अधीन एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (सीपीएसई) है। यह एकीकृत इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी है, जो रेलवे, राजमार्ग, पुल, फ्लाइओवर, सुरंग, विमान अनुरक्षण हैंगर, रनवे, ईएचवी उप-स्टेशन, विद्युत एवं यांत्रिकी निर्माण कार्यों, वाणिज्यिक एवं आवासीय परिसंपत्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, तथा अन्य अवसंरचनात्मक गतिविधियों सहित प्रमुख अवसंरचनात्मक क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कंपनी है। कंपनी एक अनुसूची-"क", तथा मिनीरत्न-श्रेणी I, की सार्वजनिक क्षेत्र की सूचीबद्ध कंपनी है।

इरकॉन को फॉर्चून इंडिया पत्रिका के दिनांक 15 दिसंबर, 2018 से 14 मार्च, 2019 के विशेष तिमाही अंक में प्रकाशित फॉर्चून इंडिया 500 कंपनियों की सूची में शीर्ष 500 भारतीय कंपनियों में स्थान प्राप्त हुआ है। इसे फॉर्चून इंडिया पत्रिका के फरवरी, 2019 के अंक में रोकड़ कुशलता के आधार पर भारत में शीर्ष 50 सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाली कंपनियों तथा बही मूल्य (प्रति शेयर) के आधार पर शीर्ष 10 कंपनियों के रूप में मान्यता तथा स्थान प्रदान किया गया है।

## वित्तीय विशेषताएं

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, कंपनी ने स्टेंडएलोन आधार पर 4680 करोड़ रूपए की आय तथा 4415 करोड़ रूपए का प्रचालनिक टर्नओवर अर्जित किया है, जो अब तक का सर्वाधिक है।

वर्ष 2017-18 की तुलना में वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी के वित्तीय निष्पादन के कुछ महत्वपूर्ण सूचकांक निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | विवरण | 2018-19 (रुपए करोड़ में) | 2017-18 (रुपए करोड़ में) | वद्धि/(कमी) [%में] |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुल आय/टर्नओवर | **4680** | 4121 | 13.56 |
| 2. | कुल प्रचालनिक आय/टर्नओवर | **4415** | 3891 | 13.47 |
| 3. | विदेशी परियोजनाओं से प्रचालनिक आय | **585** | 601 | (2.50) |
| 4. | भारतीय परियोजनाओं से प्रचालनिक आय | **3829** | 3290 | 16.38 |
| 5. | करपूर्व लाभ | **615** | 530 | 16.04 |
| 6. | करपश्चात लाभ | **445** | 388 | 14.69 |
| 7. | निवल परिसंपत्ति | **3950** | 3751 | 5.31 |
| 8. | लाभांश (अंतिम एवं अंतरिम) | **202.63**** | 192.40 | 5.32 |

कंपनी ने फरवरी, 2019 में प्रति शेयर 10.72 रूपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है और मंगलवार, दिनांक 3 सितंबर, 2019 को आयोजित होने वाली कंपनी की आगामी वार्षिक आम बैठक में प्रति शेयर 10.825 रूपए के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव किया है। इस प्रकार, वर्ष 2018-19 के लिए कुल लाभांश (लाभांश संवितरण कर सहित) 202.63 करोड़ रूपए हो गया है, जो कि प्रदत्त शेयर पूंजी का 215.45 % तथा करपूर्व लाभ का 45.57% है।

**<u>शेयर पूंजी और सूचीकरण</u>:**

31 मार्च, 2019 को, कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 400 करोड़ रूपए थी, जिसमें कंपनी के प्रति 10 रूपए के 40 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल हैं तथा कंपनी की जारी और प्रदत्त शेयर पूंजी 94.05 करोड़ रूपए थी, जिसमें कंपनी के प्रति 10 रूपए के 9,40,51,574 इक्विटी शेयरों शामिल थे।

वर्ष 2018-19 के दौरान, सरकार ने आरंभिक पब्लिक ऑफर द्वारा प्रदत्त शेयर पूंजी के 10.53 प्रतिशत का विनिवेश किया है और 31 मार्च, 2019 को पब्लिक शेयरधारिता 10.82 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त, इरकॉन को प्रतिभूति संविदा विनियम नियम, 1957 के अंतर्गत निरंतर सूचीकरण अपेक्षा के रूप में निर्धारित न्यूनतम पब्लिक शेयरधारिता (एमपीएस) मापदंड के भाग के रूप में निकट भविष्य में पब्लिक शेयरधारिता को कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाने की आवश्यकता है और ऐसा सरकार द्वारा कंपनी की 15 प्रतिशत और धारिता जन-साधारण को बेचकर किया जाएगा।

दिनांक 31 मार्च 2019 को बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से इरकॉन को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में स्थान प्राप्त है।

**प्रचालनिक विशेषताएं**

**विदेशी परियोजनाएं:**

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, इरकॉन ने साऊथ अफ्रीका में एक परियोजना को पूरा किया है यथा इस्कोम होल्डिंग एसओसी लिमिटेड के लिए मजूबा रेल परियोजना, दक्षिण अफ्रीका के लिए संयंत्र अभिकल्प का प्रापण, शिरोपरि रेलपथ उपकरणों, ट्रेक्शन उप-स्टेशनों, अनुषंगी ऊर्जा आपूर्ति उपस्टेशनों, व्यापक ऊर्जा आपूर्ति स्विचिंग स्टेशनों तथा सिग्नलिंग प्रणालियों की आपूर्ति और संस्थापन की परियोजना।

बांग्लादेश और अल्जीरिया में निम्नलिखित दो विदेशी परियोजनाएं प्रगतिरत हैं यथा (क) **बांग्लादेश** - बांग्लादेश रेलवे के लिए खुलना-मोंगला पोत रेल लाइन के परियोजना निर्माण के अंतर्गत इम्बार्कमेंट, रेलपथ का निर्माण, सभी सिविल कार्य, प्रमुख और गौण पुलों (रूपसा को छोड़कर) तथा पुलिया का निर्माण कार्य और डब्ल्यूडी-1 के प्रति ईएमपी का क्रियान्वयन; (ख) **अल्जीरिया**- एएनईएसआरआईएफ, परिवहन मंत्रालय, अल्जीरिया सरकार द्वारा प्रदान की गई अल्जीरिया में दोहरी रेलपथ लाइन (93 किमी) के संस्थापन की परियोजना।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने श्रीलंका में वर्ष के समापन के पश्चात एक नई विदेशी परियोजना प्राप्त की है यथा परिवहन और नागर विमानन मंत्रालय, श्रीलंका सरकार के अंतर्गत श्रीलंकन रेलवे द्वारा प्रदान किया गया भारतीय ऋण तर्ज के अंतर्गत माहो से ओमनथई तक रेल लाइन का स्तरोन्नयन, रेलपथ पुनर्वासन और अनुषंगी कार्य।

<u>घरेलू परियोजनाएं:</u>

**इरकॉन ने भारत में तीन घरेलू परियोजनाओं को पूरा किया है, जिनमें से एक परियोजना मध्य प्रदेश राज्य में किमी 236.00 से किमी 332.100 (पैकेज-1) तक शिवपुरी से गूना को चार लेन का बनाने की परियोजना है, जिसे एनएचडीपी चरण-IV के अंतर्गत डीबीएफओटी पैटर्न पर बीओटी (टोल) आधार पर निष्पादित किया गया है और यह परियोजना समय से पूर्व पूरी हो गई है;** और दो अन्य परियोजनाएं हैं (ख) मौजूदा बीकानेर फलौदी खंड को किमी 4.200 से किमी 55.250 तक चौड़ा करना और इसका सुदृढीकरण करना तथा राजस्थान राज्य में बीओटी (टोल) आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग - 15 के किमी 55.250 से किमी 163.500 तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन का बनाना है; (ग) उत्तर प्रदेश राज्य के मेरठ शहर में ए.टी एंड सी घाटों को कम करने और उपभोक्ता आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए संवितरण प्रणाली में सुधार, सुदृढीकरण और संवर्धन का कार्य।

**वर्ष 2018-19 के दौरान निम्नलिखित परियोजनाएं प्राप्त की गईं थीं:**

(i) छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के धरमजयगढ़ से कोरबा (उरगा) के बीच नई बीजी विद्युतीकृत रेल लाइन का निर्माण (सीईआरएल-II)।

(ii) छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेलवे लिमिटेड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में गेवरा रोड से पेंडरा रोड के बीच ईस्ट वेस्ट गलियारे का निर्माण (सीईडब्ल्यूआरएल)।

(iii) झारखंड सेंट्रल रेलवे लिमिटेड (जेसीआरएल) तथा महानदी कोल रेलवे लिमिटेड (एमसीआरएल) के लिए विभिन्न चिह्नित रेल कोयला सम्पर्कता परियोजना (परियोजनाओं) के सर्वेक्षण, व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत अभिकल्प तथा निर्माण कार्य।

(iv) बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड (बीआरपीएल) द्वारा चिह्नित रेल सम्पर्कता परियोजनाओं का निष्पादन।

(v) वडोदरा किम एक्सप्रेसवे लिमिटेड (इरकॉन वीकेईएल) के लिए हाइब्राइड एनिविटी मोड (चरण ।ए- पैकेज-।।) पर एनएचडीपी चरण- VI के अंतर्गत गुजरात राज्य में किमी 323.00 से किमी 355.00 तक (वडोदरा मुम्बई एक्सप्रेसवे का सनपा से पाडरा खंड) आठ लेन वाले वडोदरा किम एक्सप्रेसवे का निर्माण।

(vi) नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के लिए शिवोक-रंगपो नई बीजी रेल सम्पर्क परियोजना के निर्माण के अंतर्गत अतिरिक्त कार्य।

इसके अतिरिक्त, इरकॉन 99 वर्ष के लिए वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे, बांद्रा ईस्ट मुंबई पर 4.3 हेक्टेयर रेल भूमि के वाणिज्यिक विकास का कार्य भी कर रही है। इसके लिए, इरकॉन ने उक्त भूमि खंड पर वाणिज्यिक विकास के लिए इरकॉन के पट्टा-धारण अधिकारों को अंतरिक करने हेतु रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के साथ दिनांक 26 मार्च, 2018 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं।

**<u>आर्डर बुक</u>**

वर्ष 2018-19 के दौरान, इरकॉन ने 7635 करोड़ रूपए मूल्य के कार्य प्राप्त किए हैं। दिनांक 31 मार्च, 2018 को 22,407 करोड़ रूपए (लगभग) के आर्डर बुक मूल्य की तुलना में दिनांक 31 मार्च 2019 को आर्डर बुक मूल्य 33,901 करोड़ रूपए (लगभग) है।

**<u>समझौता ज्ञापन (एमओयू) रेटिंग/पुरस्कार</u>**

वर्ष 2017-18 के लिए रेल मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत कंपनी की रेटिंग "उत्कृष्ट" है। वर्ष 2018-19 में भी कंपनी को "उत्कृष्ट" रेटिंग प्राप्त होने की आशा है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने ईटी नाव - स्टॉर ऑफ दि इंडस्ट्री अवार्ड; रायगढ़ (छत्तीसगढ) में सीएसआर कार्यों हेतु 11वां सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार; तथा मिशन कौशल भारत में योगदान के लिए सीआईडीसी पार्टनर इन प्रोग्रेस ट्रॉफी, आदि पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

**सीएसआर और संधारणीयता**

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए सीएसआर बजट 8.75 करोड़ रूपए है, जो कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान इरकॉन द्वारा अपनी भारतीय परियोजनाओं में अर्जित निवल लाभों के औसत का 2 प्रतिशत है। वर्ष 2018-19 के दौरान कंपनी ने कौशल भारत, डिजिटल भारत, सर्व शिक्षा अभियान, स्वच्छ भारत, नमामि गंगे आदि जैसे अग्रणी कार्यक्रमों के संवर्धन में तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के लिए लैंगिक समानता तथा महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संधारणीयता, रोजगार संवर्धक व्यावसायिक कौशल, कल्यांण गतिविधियों जैसे क्षेत्रों में विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के प्रति 8.75 करोड़ रूपए की राशि का उपयोग किया है।

********